इंदौर, मंगलवार, 10 नवंबर 2015
www.dabangdunia.co
दबंग METRO

जागरूकता

सेंट पॉल स्कूल में पीआरटीएस की 131वीं साइबर कार्यशाला

सुरक्षा मानकों का रखें ध्यान

दबंग रिपोर्टर • इंदौर

आज मीडिया, बैंकिंग, शेयर ट्रेडिंग आदि में आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से सभी कार्यों को संपादित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में छोटी-सी गलती से भी व्यक्तिगत अथवा संस्थागत नुकसान हो सकता है। इन सबसे बचने का मूल मंत्र है जागरूकता।

उक्त बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर वरुण कपूर ने सोमवार को सेंट पॉल स्कूल में यूथ एंड वोकेशन कमीशन द्वारा बच्चों के लिए आयोजित 131वीं साइबर कार्यशाला में कही।

सावधानी ही बचने का तरीका

सेंट पॉल स्कूल में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित स्टूडेंट्स।

बचाव के तरीके और तकनीक बताई

उन्होंने कहा वर्तमान में कार्य करने वालों को आधुनिक संचार उपकरणों का उपयोग दैनिक कार्य में सतत करना होता है। ऐसे में सभी नागरिकों को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी होना नितांत आवश्यक है और वे गलती करने से बचेंगे। कपूर ने कहा आज हम असली एवं काल्पनिक दुनिया में समानांतर कार्य कर रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा मानकों को उसके अनुरूप अपनाकर संभावित नुकसान से बचना चाहिए। इस अवसर पर बचाव के तरीके एवं तकनीक उपस्थितजन को बताई गई। संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी कपूर ने दिए। संस्थान की ओर से कपूर को प्रशंसा-पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।